पंजाब केसरी 01/03/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में हुआ करियर गाइडैंस व काउंसलिंग कार्यक्रम

अम्बाला, 29 फरवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के प्लेसमैंट सैल, आई.क्यू.ए.सी., साइकोलॉजी विभाग, एल्यूमीनि सैल और डिपार्टमैंट ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन द्वारा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए करियर गाइडैंस व काउंसलिंग कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने की।

कार्यक्रम में करियर काउंसलर संदीप सिंह चोपड़ा द्वारा छात्र-छात्राओं को ऐसे प्रेरणादायक सूत्र दिए गए, जिससे उनमें कुशलता और सीखने के प्रति रुचि उत्पन्न हो सके। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया, ताकि डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्हें विदेशों में भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। काउंसलिंग में विद्यार्थियों को मुख्य बिंदुओं को अपनाकर जीवन सफल बनाने और प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया गया।

सत्र के बाद एक पुरस्कार समारोह हुआ जिसमें उत्कृष्ट शैक्षिक नेतृत्व पुरस्कार डा. रोहित दत्त को दिया गया। पर्यावरण प्रबंधन पुरस्कार डा. शिखा जग्गी को दिया गया। लोक सेवा नायक पुरस्कार डा. राकेश कुमार को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सामाजिक कार्यकर्त्ता पुरस्कार डा. चंद्रपाल पुनिया को दिया गया। गो-ग्रीन अवार्ड डा. मीनू राठी को दिया गया।

कम्प्यूटर इनोवेटिवनैस पुरस्कार श्याम रहेजा को दिया गया। शिक्षण उत्कृष्टता पुरस्कार डा. अनुपमा सिहाग को दिया गया।

छात्रों को उनके खेल, सांस्कृतिक और शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए भी पुरस्कृत किया गया।

रिया, मानविका, राज गिल, हरताज, रोहित, सावन व गुरताज पुरस्कार पाने वाले कुछ छात्र थे।

करियर गाइडैंस व काउंसलिंग कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त और पुरस्कार देते आयोजक। (चंदमोहन)